दैनिक जागरण (Dainik Jagran)

दिनाँक (Dated): 23/08/2024	पृष्ठ सं० (Page No). II	क्रम सं०(Serial No.) 1

सीआइएसएफ कर्मी ने बचाई यात्री की जान

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : आइजीआइ एयरपोर्ट के टर्मिनल 2 पर सीआइएसएफ कर्मी ने सीपीआर देकर एक यात्री की जान बचाई। यात्री को अचानक सीने में दर्द हुआ और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। सीपीआर देने के बाद यात्री को होश आया। यात्री को तुरंत सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया। इस घटना के बाद लोग सीआइएसएफ कर्मी द्वारा किए गए त्वरित कार्य की सराहना कर रहे हैं।

सीआइएसएफ अधिकारी के अनुसार 20 अगस्त को सुबह अर्शिद अयूब नामक यात्री टर्मिनल 2 पर पहुंचे। यहां से इन्हें इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 2747 से श्रीनगर की यात्रा करनी थी। फोरकोर्ट एरिया में अचानक इनके सीने में तेज दर्द हुआ और ये बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। यह देखकर एयरपोर्ट के आगमन द्वार पर तैनात सीआइएसएफ क्यूआरटी कर्मी ने तुरंत इन्हें सीपीआर दिया। सीपीआर के फौरन बाद यात्री की हालत में सुधार दिखाई दिया। इसके बाद टर्मिनल दो के मेडिकल रूम में मौजूद मेदांता अस्पताल के डाक्टर मौके पर पहुंचे और यात्री को मेदांता मेडिकेशन रूम में ले गए और जहां इनका प्रारंभिक उपचार किया। इसके बाद यात्री को सफदरजंग अस्पताल भेजा गया। उधर, सफदरजंग अस्पताल के डाक्टरों ने सीआइएसएफ कर्मी द्वारा दर्शाए गए त्वरित प्रतिक्रिया की सराहना की। उन्होंने कहा कि समय पर सीपीआर देने से यात्री की स्थिति को स्थिर किया जा सका। बता दें कि इसके पूर्व भी समय-समय पर सीआइएसएफ कर्मियों ने एयरपोर्ट पर सीपीआर देकर यात्रियों की जान बचाई है। कुछ दिन पूर्व आइजीआइ एयरपोर्ट पर एक महिला चिकित्सक ने भी एक यात्री की जान बचाई थी।

आइजीआइ एयरपोर्ट पर यात्री को सीपीआर देते सीआइएसएफ कर्मी (लाल घेरे में) ●